<u>गृह मंत्रालय</u>

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

नई दिल्ली

दिनांक 30 अगस्त, 2016

विषय :– <u>के0रि0पु0बल ने किया कौशल विकास मंत्रालय के साथ समझौता पर हस्ताक्षर</u>

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत भारत को कुशल राष्ट्र बनाने के माननीय प्रधानमंत्री जी के सपने को साकार करते हुए आज केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने कौशल विकास मंत्रालय के साथ समझौता हस्ताक्षर करके केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों एवं समस्त पुलिस बलों में प्रथम बल बन गया है। गृह मंत्रालय के अधीन सबसे बड़े अर्धसैनिक बल के रूप में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल भारत के विस्तृत भू–भाग में अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए देश के किसी भी कोने में उठने वाले आंतरिक उपद्रव से देश कि सुरक्षा की कठिन जिम्मेवारी को बखूबी निभा रहा है। देश के अधिकतम दूर–दराज वाले क्षेत्रों में इसकी उपस्थिति ने न केवल माओवाद प्रभावित क्षेत्रों बल्कि जम्मू व कश्मीर तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र के युवाओं के बीच प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत कौशल विकास के लाभ को पहॅुचाने में यह बल महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस कौशल विकास योजना का लाभ केरिपुबल कार्मिकों की पत्नियां/पति, अशक्त कार्मिक, शहीदों की विधवाएं, केरिपुबल कार्मिकों के बच्चे अथवा इच्छुक सिविल व्यक्ति उठा सकते हैं। उन्हें परिधान निर्माण, सौन्दर्य एवं सुसज्जा, खाद्य–प्रसंस्करण, सूचना और प्रोद्योगिकी इत्यादि का प्रशिक्षण देश में स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के विभिन्न ग्रुप केन्द्रों/संस्थानों में दिया जाएगा। देश के अगम्य क्षेत्रों के दूर दराज गांवों में आदिवासी लोगों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए वहां जाने वाले कौशल प्रशिक्षकों को सहायता एवं आवश्यक सुरक्षा भी यह बल उपलब्ध करवाएगा। कौशल विकास मंत्रालय के साथ हाथ मिलाकर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने न केवल प्रधानमंत्री जी के सपनों को मूर्त रूप देने में पहल की है बल्कि मुख्य धारा से अलग–थलग पड़े लोगों के मन में विश्वास एवं निष्ठा जगाने में यह बल आगे सेतु का काम करेगा।

इस अवसर पर माननीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह एवं माननीय कौशल विकास एवं उद्यमवृत्ति मंत्री श्री राजीव प्रताप रूड़ी की उपस्थिति में एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर कर एक दूसरे को सौंपे गए। गृह मंत्रालय एवं कौशल विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ केरिपुबल के महानिदेशक श्री के0 दुर्गा प्रसाद इस अवसर पर उपस्थित रहे।

हस्ता0 दि0 30/08/2016

(बी.सी. खण्डूरी)

जन सम्पर्क अधिकारी, के.रि.पु.बल

National Policy for Skill Development and Entrepreneurship 2015
Launch of Skill India 15th July 2015